मुख्यमंत्री ने किया अत्याधुनिक बस टर्मिनल का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

25 मई, 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आमजन को बेहतर आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध करवाने हेतु राज्य की राजधानी जयपुर के सिंधी कैंप के केंद्रीय बस स्टैंड पर नवनिर्मित अत्याधुनिक बस टर्मिनल का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- नवनिर्मित टर्मिनल से आमजन को यात्रा में सुगमता होगी। सिंधी कैंप बस स्टैंड पर नवनिर्मित बस टर्मिनल में यात्रियों की सुविधा हेतु यात्री शेड, बुकिंग विंडो, कार्यालय उपयोग हेतु बेहतरीन कक्ष, आधुनिक शौचालय, वातानुकूलित यात्री प्रतीक्षालय, फूडकोर्ट एवं व्यवसायिक उपयोग हेतु परिसर होगा।
- इसके अतिरिक्त उक्त परिसर सीसीटीवी कैमरे, वाईफाई, पब्लिक अनाउन्समेंट सिस्टम, लिफ्ट, एस्केलेटर, फायर फाईटिंग सिस्टम एवं वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा 15 किलो वॉट के सोलर प्लांट से युक्त होगा।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिला यात्रियों के लिये रोडवेज की सभी श्रेणी की बसों के किराए में 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की। रियायती यात्रा का दायरा बढ़ने से महिलाएँ रोडवेज की साधारण बसों के साथ-साथ अब एक्सप्रेस, डीलक्स सहित सभी श्रेणी की बसों के किराए में 50 प्रतिशत छूट का लाभ ले सकेंगी।
- प्रदेश में सैटेलाइट एवं नए बस स्टैंड बनाए जा रहे हैं। जोधपुर में भी अत्याधुनिक बस स्टैंड तैयार किया जा रहा है। लक्खी मेलों में जाने वाले श्रद्धालुओं को भी किराए में छूट दी जा रही है। हरिद्वार में अपने दिवंगत जनों की अस्थी विसर्जन में जाने वाले लोगों के लिये निःशुल्क यात्रा का प्रावधान किया गया है।
- प्रदेश में परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थियों को भी रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। राज्य सरकार द्वारा उनके रहने और खाने का प्रबंध भी करवाया गया।
- राज्य सरकार द्वारा रोडवेज कर्मियों के लिये पुरानी पेंशन योजना एवं आरजीएचएस लागू की गई है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वरिष्ठजनों एवं विशेष योग्यजनों को रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा के लिये आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड प्रदान किये।
- उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा बस अड्डों के उन्नयन के लिये 125 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। 875 नई रोडवेज बसें खरीदी गई हैं तथा 500 नई बसें खरीदने का कार्य किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-chief-minister-inaugurated-the-state-of-the-art-bus-terminal